## 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस, शासकीय कार्यालयों में दिलाई जाएगी शपथ

**खंडवा।** 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस आगामी 25 जनवरी को मनाया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों को मताधिकार के प्रयोग की शपथ दिलाई जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि यह कार्यक्रम सभी कार्यालयों में प्रातः 11 बजे अनिवार्य रूप से आयोजित किया जाए।

## संकल्प से समाधान अभियान को मिल रहा व्यापक समर्थन

**खंडवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेशभर में चल रहे संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिले में बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में लगाए जा रहे शिविरों के माध्यम से अब तक 7 हजार से अधिक आवेदन लिए जा चुके हैं। आवेदनों के संग्रहण के लिए विशेष दल गठित किए गए हैं।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नए मतदाताओं का सम्मान

**खंडवा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही नए मतदाताओं को फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र वितरित किए जाएंगे। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी इस अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

## कलेक्टर ने घोषित किए स्थानीय अवकाश

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले की विभिन्न तहसीलों के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। आदेश के अनुसार 19 अक्टूबर महानवमी पर जिले की सभी तहसीलों में अवकाश रहेगा। 29 जुलाई गुरूपूर्णिमा पर खंडवा, छैगांवमाखन, पुनासा, मूंदी, हरसूद व किल्लौद, 17 अगस्त नागपंचमी पर पंधाना, 11 सितंबर पोला अमावस्या पर खालवा, 22 सितंबर डोल ग्यारस पर हरसूद, किल्लौद व खालवा तथा 25 सितंबर अनंत चतुर्दशी पर खंडवा, छैगांवमाखन, पुनासा, मूंदी व पंधाना तहसील में स्थानीय अवकाश रहेगा। ये अवकाश बैंक एवं कोषालयों पर लागू नहीं होंगे।

## सहकारी संस्था का अध्ययन भ्रमण

**खंडवा।** जिला सहकारी संघ, खंडवा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर बुरहानपुर जिले की शहरी साख सहकारी संस्थाओं के अध्यक्षों, संचालकों एवं प्रबंधकों का अपना कमर्शियल कोऑपरेटिव सोसाइटी का व्यवहारिक अध्ययन भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष शरद मोरे ने संस्था के गठन से लेकर वर्तमान गतिविधियों एवं भावी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सहकारी प्रशिक्षण केंद्र के पूर्व प्राचार्य के. एल. राठौर ने सहकारिता के सैद्धांतिक पहलुओं, संचालक मंडल के अधिकार-कर्तव्य एवं आमसभा की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं पूर्व प्राचार्य निरंजन कुमार कसारा ने सहकारिता की परिभाषा एवं विशेषताओं पर चर्चा की।

कार्यक्रम का संचालन जिला सहकारी संघ के प्रबंधक मेहताब सिंह भदोरिया ने किया। उन्होंने कहा कि नेतृत्व प्रशिक्षण से सहकारी मूल्यों, वित्तीय प्रबंधन, कानूनी प्रावधानों और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा मिलता है, जिससे शहरी साख संस्थाओं का सशक्त एवं लोकतांत्रिक संचालन संभव होता है।

## गणतंत्र दिवस समारोह में प्रभारी मंत्री लोधी होंगे मुख्य अतिथि

**खण्डवा।** गणतंत्र दिवस आगामी 26 जनवरी को हर्षोल्लास एवं समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री तथा खण्डवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री श्री लोधी स्टेडियम ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे और मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न स्कूली विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

## नन्हे बचों के नुक्कड़ नाटक से गूंजा सड़क सुरक्षा का संदेश



**खंडवा।** यातायात पुलिस खंडवा द्वारा सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात जागरूकता अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक देवेंद्रसिंह परिहार, सूबेदार धर्मेंद्र गौर तथा एम.के. प्राइड स्कूल की मैनेजर मुस्कान मसूद के नेतृत्व में एमके प्राइड स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों द्वारा गुरु गोविंद स्टेडियम ग्राउंड में गणतंत्र दिवस परेड के दौरान पुलिस अधिकारियों के समक्ष एक प्रेरणादायी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बचों ने हेलमेट पहनने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, तीन सवारी न बैठाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण संदेश देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

इसके साथ ही जागरूकता अभियान के दौरान यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्रसिंह परिहार, सूबेदार धर्मेंद्र सिंह गौर, सउनि विश्वास वानखेड़े, सउनि रामेश्वर कंसाना, सउनि गजेंद्रसिंह पवार एवं यातायात टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 55 वाहन चालकों के चालानी कार्रवाई की गई।

## श्री राम लला व शीतला माता प्राणप्रतिष्ठा वर्षगांठ पर आज संगीतमय सुंदरकांड व भंडारे का आज आयोजन



**खंडवा।** शहर की सबसे खूबसूरत कॉलोनी स्नेह बालाजी नगर में श्री राम लला और शीतला माता की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर सुंदरकांड का आयोजन किया जा रहा है।

बालाजी ग्रुप के संस्थापक और समाजसेवी कालोनाइजर रितेश गोयल ने बताया कि वर्षों के त्याग, तप, बलिदान और संघर्ष के बदौलत अयोध्या में श्री राम लला के मंदिर का निर्माण हुआ, उसी ऐतिहासिक तारीख 22 जनवरी को ध्यान में रखते हुए हमने खंडवा की सबसे खूबसूरत कॉलोनी स्नेह बालाजी नगर में शीतला माता का मंदिर निर्माण कर प्राणप्रतिष्ठा की गई।

देव संयोग से शीतला माता एवं श्री राम लला की मूर्तियां एक ही तरह के पत्थर एवं सामान्य मुस्कान वाली हैं। बालाजी ग्रुप के मुकेश अग्रवाल ने बताया कि सांय 8 बजे से संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन शुरू होगा, जिसे भक्ति म्यूज़िकल ग्रुप द्वारा किया जाएगा।साथ ही 8 बजे से ही भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें सभी क्षेत्रवासी सादर आमंत्रित हैं।

# खंडवा में करोड़ों की टंकियां बनीं शोपीस



▶ ठेकेदारों ने कहा- टेस्टिंग हो गई, ग्रामीणों ने पूछा- तो पानी कहां है?

नवभारत

**खंडवा।** केंद्र और राय सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना खंडवा जिले में अधिकारियों और ठेकेदारों की लापरवाही की भेंट चढ़ गई है। जिले की अधिकांश पंचायतों में लाखों रुपए खर्च कर पानी की विशाल टंकियां तान दी गई हैं, पाइपलाइनें बिछाने का दावा भी किया गया है, लेकिन हकीकत यह है कि इन टंकियों से एक बूंद पानी भी ग्रामीणों के घरों तक नहीं पहुंच रहा है। ठेकेदारों ने फाइलों में टंकियों की टेस्टिंग को सफल बताकर भुगतान की प्रक्रिया शुरू करवा ली है, जबकि धरातल पर न तो टेस्टिंग हुई है और न ही टोंटियों से पानी आया है।



**शोपीस बनकर रह गईं लाखों की टंकियां :** जिले के छैगांव माखन, पंधाना और पुनासा ब्लॉक में स्थिति सबसे यादा भयावह है। छैगांवमाखन ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिलोदा में ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल टंकी बनकर तैयार है लेकिन डेढ़ साल गुजर जाने के बाद भी ना टेस्टिंग हो पाई और ना ही टंकी से पानी सप्लाई हो पाया है । इसी गांव ने लगभग 15 साल पूर्व भी एक शासकिय टंकी बनी, लेकिन उसका उपयोग पेयजल के लिए आज तक नहीं हो पाया है। यही स्थिति आसपास के अन्य गांवों की है टंकियां बनकर तैयार हैं और उन पर लोकार्पण के बोर्ड भी लगा दिए गए हैं, लेकिन जब टोटी घुमाते हैं, तो सिर्फ हवा निकलती है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार टंकी खड़ी करके चले गए, डिस्ट्रीब्यूशन लाइन भी डाल दी गई लेकिन देख रेख के भाव में वह भी दम तोड़ रही है। कई जगहो पर लीकेज या कनेक्शन ही नहीं जोड़े गए हैं। पाइपलाइन गटर से होकर गुजर रही है।

### टेस्टिंग का खेल और भुगतान की जल्दी

सूत्रों के मुताबिक, पीएचई विभाग के कुछ अफसरों और ठेकेदारों की मिलीभगत से टेस्टिंग रिपोर्ट तैयार की जा रही है। नियम यह है कि टंकी बनने के बाद कम से कम 15 दिन तक सुचारू जल वितरण होना चाहिए, उसके बाद ही योजना हैंडओवर मानी जाएगी। लेकिन खंडवा में टंकी बनते ही उसे पूर्ण मान लिया जा रहा है।

ग्राम अतर में भी स्थिति भयावह है। दो टंकी बनी लेकिन पेयजल के लिए आज भी ट्यूबवेल , कुओं का इस्तेमाल हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जनवरी खत्म हो रहा है और कुछ ही हफ्तों में गर्मी दस्तक देगी। अगर अभी ये हाल हैं, तो मई-जून में ग्रामीणों का क्या होगा? ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही टंकियों से पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई, तो वे कलेक्ट्र को शिकायत करेंगे।

### ब्लॉकवार हालात : कहां क्या दिक्कत?

**छैगांव माखन :** इस क्षेत्र में कई पंचायतों में जल स्तर की समस्या है। यहां योजना के तहत टंकियां तो बनीं, लेकिन जल स्रोत का सही चयन नहीं हुआ। नतीजा- टंकियों में भरने के लिए पर्याप्त पानी ही नहीं है। टेस्टिंग के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई।

**पंधाना :** यहां आदिवासी बहुल क्षेत्रों में पाइपलाइन तो बिछाई गई, लेकिन वह इतनी घटिया गुणवत्ता की है कि प्रेशर आते ही फट रही है। ठेकेदार मरम्मत के नाम पर महीनों गुजार रहे हैं।

**पुनासा :** नर्मदा का पानी पास होने के बावजूद यहां के कई गांव प्यासे हैं। यहां तकनीकी खामियों का हवाला देकर जल वितरण रोका गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी सिर्फ निरीक्षण करने आते हैं, समाधान कोई नहीं करता।



## कैंसर जागरूकता अभियान का 19वां वर्ष, कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

**खंडवा।** कैंसर के विरुद्ध हमारी लड़ाई निरंतर जारी है के संकल्प के साथ स्वर्गीय डॉ. श्रीमती रसीला मिश्रा की पुण्य स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला कैंसर जागरूकता अभियान अपने 19वें वर्ष में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डॉ. मुनीश मिश्रा एवं डॉ. शुभागी मिश्रा दवे ने बताया कि कैंसर के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। बुधवार को सिहाड़ा रोड स्थित एमजीएम स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में दोपहर 3 से 5 बजे तक विषय विशेषज्ञों द्वारा कैंसर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं तथा उपस्थित नागरिकों की शंकाओं का समाधान किया गया। इसी दिन प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक शुभम हॉस्पिटल में पूर्व पंजीकृत मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया, जिससे अनेक मरीज लाभान्वित हुए।

कार्यक्रम में कलेक्टर ऋष्भ गुप्ता, महापौर अमृता यादव, इंदौर से आए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजय देसाई, डॉ. दिलीप हिंदुजा, बिशप फादर अगस्टिन, अवधेश सिसोदिया, कुंदन मालवीय सहित अन्य गणमान्य नागरिक व 200 से अधिक की संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने कैंसर जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।



## हरिओम बाबा के द्वादश निर्वाण उत्सव पर विशाल भंडारा

**खंडवा।** बड़ाबम ब्राह्मणपुरी स्थित श्री गुरु गादी पर परम पूज्य गुरुदेव हरिओम बाबाजी (पं. वेदप्रकाश खरे) का द्वादश पुण्य स्मरण श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर पर चरण पादुका अभिषेक पूजन, हवन-यज्ञ के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिला शिवसेना प्रमुख गणेश भावसार एवं निर्मल मंगवानी ने बताया कि प्रातः 10 बजे से पूजन एवं दोपहर 1 बजे से भंडारा प्रारंभ हुआ, जिसमें नगर सहित दूर-दराज से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

## छैगांव माखन समिति में ई-विकास प्रणाली का शुभारंभ, ई-टोकन से हुआ खाद वितरण

**छैगांव माखन।** किसानों को रासायनिक उर्वरक समय पर एवं पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था छैगांव माखन में ई-विकास प्रणाली का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष महेंद्र सिंह सावनेर की उपस्थिति में ई-टोकन जारी कर खाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर कृषि विस्तार अधिकारी मंगलेश पटेल ने किसानों को योजना की जानकारी दी। प्रभारी संस्था प्रबंधक अमित लाड़, पूर्व संचालक रमेशचंद वर्मा, सुरेश महाजन, विजय सिंह तंवर, कप्तान चौहान, प्रतीक निम्बेकर सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## जेसीबी की टक्कर से भाजपा नेता रामनारायण राठौर की मौत

**खंडवा।** सोमवार रात रोहिणी फाटे के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पूर्व खंडवा विधायक के प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता रामनारायण राठौर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार से आ रही जेसीबी मशीन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में रामनारायण राठौर के सिर और सीने में गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल इलाज के लिए पहले खंडवा और बाद में इंदौर रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें बचाने के हरसंभव प्रयास किए, लेकिन उपचार के दौरान मंगलवार दोपहर उन्होंने दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर मारने के बाद जेसीबी चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

# खंडवा में बीएलओ से अभद्रता पर बड़ी कार्रवाई, सहायक ई-गवर्नेंस अधिकारी बर्खास्त

**खंडवा।** एसआईआर कार्य के दौरान महिला बीएलओ एवं उनकी टीम से अभद्रता करने के मामले में नगर निगम खंडवा के सहायक ई-गवर्नेंस अधिकारी अंकित पंवार को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। यह कार्रवाई कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर गठित जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर निगम आयुक्त द्वारा की गई।

जानकारी के अनुसार एसआईआर कार्य के दौरान जसवाड़ी रोड क्षेत्र के लिए अंकित पंवार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। ओटीपी लेने की प्रक्रिया को लेकर पंवार और बीएलओ के बीच विवाद हो गया, जिसके बाद बीएलओ ने लिखित



शिकायत दर्ज कराई।

जांच के बाद नगर निगम प्रशासन ने अंकित पंवार को कारण बताओ नोटिस जारी कर विभागीय जांच प्रारंभ की। जांच समिति ने उन्हें 13 जनवरी को अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया। उपस्थित न होने पर प्रशासन द्वारा 16 जनवरी को सुबह 11 बजे पुनः तलब किए जाने के बावजूद उन्होंने निर्धारित समय में लिखित जवाब प्रस्तुत नहीं किया। जांच में यह भी सामने आया कि पंवार ने अपनी संविदा नियुक्ति की शर्त क्रमांक 11 एवं 14 का उल्लंघन किया है। जांच समिति की अनुशंसा पर 19 जनवरी की दोपहर बाद से उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं।

निगम आयुक्त प्रियंका राजावत ने बताया कि जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि वह पूर्व में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अधिकारियों को निर्देशित करने की कोशिश करता था, जिसे प्रशासन ने अनुशासनहीनता मानते हुए सख्त कार्रवाई की है।





## सखी सहेली महिला मंडल ने उत्साह से मनाया मकर संक्रांति पर्व

**खंडवा।** मकर संक्रांति के अवसर पर सखी सहेली महिला मंडल द्वारा पारंपरिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ पर्व मनाया गया। महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर तिल के लड्डू खिलाए तथा सुहाग सामग्री का आदान-प्रदान किया। कार्यक्रम में विधायक कंचन तनवे एवं महापौर अमृता यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। फैंसी ड्रेस, सामूहिक नृत्य, चेयर रेस सहित कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का आयोजन सारिका बघेल के संयोजन में तथा संचालन कविता राजपूत एवं सानू मिश्रा ने किया।

## सखी सहेली महिला मंडल द्वारा उत्साह के साथ मनाया संक्रांति पर्व

कार्यक्रम में विधायक, महापौर भी हुई शामिल





**खंडवा।** मकर संक्रांति के उपलक्ष मे सखी सहेली महिला मंडल ग्रुप द्वारा मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया जिसमें महिलाओं ने एक दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर तिल्ली के लड्डू खिलाकर सुहाग सामग्री का आदान-प्रदान किया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मकर संक्रांति के इस कार्यक्रम में धर्म से जुड़ी कई प्रतियोगिताएं प्रतियोगिता, सामूहिक नृत्य, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, चेयर रेस इस तरह के कई गेम भी खेले गए। आयोजित कार्यक्रम में खंडवा विधायक कंचन तनवे नगर निगम महापौर अमृता यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में सखी सहेली ग्रुप की सभी महिलाएं जिसमें सारिका बघेल, मोनू चौहान, सुनीता वर्मा,सुमित्रा मिश्रा, संजना रावत, लता सावनेर, बरखा कनाडे, शोभा शर्मा, सरिता कैथवास, कृष्णा जायसवाल, गीता बोरासिया, सुनीता चौकड़े, संतोष कोठारे, जागृति गंगवाने, अंजलि सेजकर, कविता राजपूत, रंजना, सुनीता, सुरेखा पाटिल आयुषी, अनीता कैथवास, संगीता बोरासी, रोहिणी पाटिल, शिवानी मालवीय, नेहा मालवीय,प्राची सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति शामिल हुई। कार्यक्रम का आयोजन सारिका बघेल के संयोजन में किया गया। संचालन कविता राजपूत और सानू मिश्रा द्वारा किया गया।

## ग्रामोदय से अभ्युदय गोराड़िया में कार्यक्रम सम्पन्न

**खण्डवा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा इन दिनों ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत जिले के पुनासा विकासखंड के ग्राम गोराडिया में बुधवार को विद्यार्थियों, स्थानीय ग्रामीणजनों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नशा मुक्ति रैली निकाली गई। इसके बाद ग्रामीण बालिकाओं द्वारा नशा मुक्ति विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री जगदीश पटेल और विकासखंड पुनासा के समन्वयक श्री मोहन जाट सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री जगदीश पटेल ने इस अवसर पर कहा कि नशा स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य ग्रामीणों की सहभागिता के बिना सफल नहीं हो सकते हैं।


**RECRUITMENT**

(As per AICTE Norms)

Institute of Knowledge Innovation and Skills (IKIS),
Khandwa invites Applications for the following Posts:

**Principal / Professor / Assistant Professor**

Eligibility: As per AICTE/UGC norms. Departments: BBA, BCA
Salary: As per AICTE/Institute rules.

Apply with CV and Documents at:
Mo. : 9669931212 Email: ikispresident@gmail.com